मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-40
12/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में दरभंगा जिले में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 12 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में दरभंगा जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मनीगाछी प्रखंड अंतर्गत ब्रह्मपुरा–भटपुरा पंचायत के वार्ड संख्या–2 के दलित बस्ती का भ्रमण कर विकास योजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण स्ट्रीट सोलर लाइट, पोखर में हो रही मखाना की खेती, आंगनबाड़ी केंद्र भटपुरा, साईंबाबा जीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा दी गयी आर्थिक मदद से खोली गई किराना दूकान, हर घर नल जल योजना आदि सहित अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। स्टार्ट अप के रूप में एम0बी0ए0 मखानावाला द्वारा किये जा रहे मखाना प्रोसेसिंग एवं मखाना से बने लड्डू, बर्फी, 9 फ्लेवरयुक्त सुपर फूड की मार्केटिंग आदि के संबंध में फूड टेक्नोलॉजिस्ट श्री इंदुशेखर सिंह ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मखाना विकास योजना के लाभार्थी को किट प्रदान किया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, अंतरर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना आदि के संबंध में मुख्यमंत्री ने लोगों से जानकारी ली, साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को सर्टिफिकेट तथा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन एम्बुलेंस योजना की चाभी लाभुकों को प्रदान किया। ब्रह्मपुरा–भटपुरा के वार्ड संख्या–2 में शिलापट्ट का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने सामुदायिक बैठका का उद्‌घाटन कर उसका निरीक्षण भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका समूह की दीदियों, ग्रामीणों एवं बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित उमा किशोरी समूह की बालिकाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी एवं उसके समाधान हेतु जिलाधिकारी को निर्देश दिया।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि हर हिंदुस्तानी की थाली में एक बिहारी व्यंजन जरुर हो। यहां का प्रोडक्ट बाहर भी जा रहा है। मखाना का उत्पादन तो इसी इलाके में होता है, जिस प्रकार मखाना के लिए यहां जो काम किए जा रहे उसको मैंने देखा, बेहतर काम हो रहा है। वर्ष 2006–07 में भी हमने घूम घूमकर देखा था। श्रद्धेय अटल जी की सरकार में मैं कृषि मंत्री था, उस समय हम इन कामों को देखते थे। दरभंगा में भी उस दौरान हम आए थे। हम चाहते हैं कि मखाना का और विकास हो। मखाना बहुत पौष्टिक आहार है। देश और देश के बाहर के लोग मखाना खाएंगे तो तारीफ करेंगे, कहेंगे कि बिहार का कितना बढ़िया प्रोडक्ट है। कृषि के विकास के लिए कृषि रोडमैप बनाकर हमलोग अभियान चला रहे हैं। हम जब समीक्षा बैठक करते हैं तो सारी बातों को रखते हैं। हमारा मकसद है कि इसका उत्पादन बढ़े, जिससे लोगों के आमदनी का जरिया

बढ़े। इसको बढ़ावा देने से इसका उत्पादन काफी बढ़ा है। इसका लोगों को लाभ मिल रहा है। हमने मखाना के सारे प्रॉशेस को देखा है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कादिराबाद, दरभंगा में जल–जीवन–हरियाली योजना अंतर्गत स्थापित 1.6 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर प्लेट के बीच थोड़ा गैप रखें और जल के सतह से सोलर प्लेट को और अधिक ऊंचा रखने का प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा असली और अक्षय ऊर्जा है, इसको अधिक से अधिक बढ़ावा दें।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इस प्लांट में नीचे मछली और ऊपर सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। हमलोग चाहते हैं कि बिहार में ज्यादा से ज्यादा सौर ऊर्जा का उत्पादन हो। चौर इलाके में भी नीचे मछली और ऊपर सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरु कर दिया गया है। सौर ऊर्जा बहुत महत्वपूर्ण चीज है। आज जो बिजली मिल रही है वह कोयला से बनाई जाती है। वह सब दिन रहनेवाली चीज नहीं है जबकि सौर ऊर्जा सब दिन रहनेवाली चीज है। जब तक सूर्य हैं तब तक सौर ऊर्जा मिलती रहेगी। हमलोग सौर ऊर्जा को काफी बढ़ावा दे रहे हैं। इसको लेकर शुरु में लोगों को जानकारी नहीं थी लेकिन अब सबको इसका महत्व पता चल गया है। सौर ऊर्जा सब दिन रहनेवाली ऊर्जा है। गांव में स्ट्रीट लाईट लगाया जा रहा है ताकि रात में भी रोशनी रहे। दरभंगा में एम्स के निर्माण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते थे कि डी0एम0सी0एच0 को दरभंगा एम्स में कन्वर्ट कर दिया जाये। पहले वे लोग इसको मान लिए थे लेकिन बाद में बोले कि एम्स को अलग से बनायेंगे। अब हमलोगों ने तय कर दिया है कि डी0एम0सी0एच0 से अलग दूसरे जगह पर एम्स का निर्माण कराया जायेगा। दरभंगा में एम्स के निर्माण को लेकर सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध करायी जा रही है। रामचरितमानस ग्रंथ को लेकर शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर के विवादित बयान को लेकर पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पता नहीं है। हम उनसे पूछ लेंगे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने हायाघाट प्रखंड अंतर्गत मझौलिया पंचायत के ग्राम होरलपट्टी में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र, होरलपट्टी, जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत सौन्दर्यीकृत गंगा सागर सरोवर, जीविका समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय होरलपट्टी सहित अन्य विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के बारे में भी लोगों से मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत आदर्श जीविका ग्राम संगठन होरलपट्टी के 201 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया।

भ्रमण के दौरान जगह–जगह स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, पाग एवं फूलों की माला भेंटकर उनका स्वागत किया। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित रंगोली बनाकर मुख्यमंत्री के प्रति 'समाधान यात्रा' हेतु आभार प्रकट किया।

इस दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री ललित कुमार यादव, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0, अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्य

कार्यपालक पदाधिकारी जीविका सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त दरभंगा प्रमंडल डॉ0 मनीष कुमार, पुलिस महानिरीक्षक दरभंगा प्रक्षेत्र श्री ललन मोहन प्रसाद जिलाधिकारी श्री राजीव रौशन, वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******